**2023-24**

**मॉडल टेस्ट पेपर**

**कक्षा -12वीं**

**समय- 3 घंटे** **विषय-हिंदी (ऐच्छिक)** **कुल अंक -80**

## भाग - क

### बहुवैकल्पिक प्रश्न

**प्रश्न 1. I निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 3x1= 3**

(i) (क) हज़ार दिनों का समूह (ख) शत सप्ताहों का समूह

(ग) शत(सौ) अब्दों(वर्षों) का समूह (घ) शत दिनों का समूह

(ii) 'भयभीत' समस्त पद के लिए निम्नलिखित समास-विग्रह के विकल्पों में से सही विकल्प को चुनें :

(क) भय से भीत (ख) भय के लिए भीत (ग) भय को भीत (घ) भय में भीत

(iii) ' लोभ-मोह ' समस्त पद के लिए निम्नलिखित में से सही समास विग्रह का विकल्प चुनें:

(क) लोभ और मोह (ख) लोभ का मोह (ग) लोभ से मोह (घ) लोभ के लिए मोह

**II. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 4x1= 4**

(i) रीतिकाल का समय कब से कब माना जाता है?

(क) सन् 1643 से 1843 (ख) सन् 1651 से 1671

(ग) सन् 1645 से 1845 (घ) सन् 1650 से 1670

(ii ) 'बिहारी सतसई' किस कवि की रचना है?

(क) केशव (ख) बिहारी (ग) महाकवि देव (घ) घनानंद

(iii) निम्नलिखित में से किसने 'सरस्वती' पत्रिका का सम्पादन किया ?

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (ख)आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ग) शिवमंगल सिंह सुमन (घ) गिरिजाकुमार माथुर

(iv) 'साकेत' आधुनिक काल के किस कवि की प्रसिद्ध रचना है ?

(क) सुमित्रानंदन पन्त (ख) जयशंकर प्रसाद (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) महादेवी वर्मा

**III.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 3x1= 3**

**चरण कमल बन्दौ हरि राई।**
**जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाई।**
**बहिरौ सुनै मूक पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई।**
**सूरदास स्वामी करुणामय, बार बार बन्दौं तिहिं पाई।।**

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता का नाम लिखें।

क .तुलसीदास ख .जयशंकर प्रसाद ग .सूरदास घ.बिहारी

(ii) ईश्वर की कृपा से कौन पुन: बोलने लग जाता है ?

क .पंगु ख .बहिरो ग .मूक घ .नयन विहीन

(iii). 'करुणामय' का क्या अर्थ है ?

क . दु:ख देने वाला ख .कठोर ग.दयालु घ.सुख हर्ता

**III. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 3x1= 3**

सखि, वे मुझसे कहकर जाते,

कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते ?
मुझको बहुत उन्होंने माना ;
फिर भी क्या पूरा पहचाना ?
मैंने मुख्य उसी को जाना,
जो वे मन में लाते,
सखि, वे मुझसे कहकर जाते।।

(i) इस पद्यांश में कवि ने किसकी पीड़ा को व्यक्त किया है ?
(क) यशोधरा के पुत्र की (ख) यशोधरा के पति की (ग) सखी की (घ) यशोधरा की

(ii) इस पद्यांश में कौन दु:खी नारी को पूरी तरह समझ नहीं पाया ?
(क) उसका ससुर (ख) उसका पति (ग) उसका पुत्र (घ) उसकी सास

(iii) उपर्युक्त पद्यांश में ' पथ ' का क्या अर्थ है?
(क) खग (ख) पद (ग) रास्ता (घ) पदक

**V. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 2x1= 2**

(i) वह दसवीं कक्षा में **प्रथम** आयी। वाक्य में आए '**प्रथम**' पद का सही पद परिचय कौन सा है ?

(क) **व्यक्तिवाचक, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'आयी' क्रिया का कर्त्ता।**
(ख)**विशेषण,क्रमवाचक,निश्चित संख्यावाचक,पुल्लिग,एकवचन,बताए हुए 'स्थान' विशेष्य का विशेषण।**
(ग) **क्रिया, सकर्मक, कर्तृवाच्य, कर्म कारक, अन्य पुरुष।**
(घ) **सर्वनाम, पुरुषवाचक, कर्त्ता कारक, भूतकाल।**

(ii) हम तुम्हें चंडीगढ़ में मिले थे। इस वाक्य में आए 'तुम्हें' पद का सही पद परिचय कौन सा है?
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अधिकरण कारक
(ख) जातिवाचक संज्ञा, करण कारक, पुल्लिंग,परिमाणवाचक विशेषण
(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम,मध्यम पुरुष,पुल्लिंग,एकवचन,कर्म कारक,'मिले थे' क्रिया का कर्म
(घ) संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अपादान कारक

## (भाग ख)

### अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**VI.निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें। 2x1= 2**

(i) 'चौपाई ' छंद के तीसरे चरण में 16 मात्राएँ होती हैं। 'हाँ' अथवा 'नहीं' ?
(ii) ' दोहा' छंद के पहले चरण में 11 मात्राएँ होती हैं। 'हाँ' अथवा 'नहीं' ?

**VII.निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें। 2x1= 2**

(i) जहाँ एक शब्द एक बार प्रयुक्त हो, परंतु दो या दो से अधिक अर्थों का बोध करवाए, वहाँ -------------------- अलंकार होता है। उपयुक्त अलंकार का नाम लिखकर खाली स्थान भरें।
(ii) जहाँ उपमान पर उपमेय का आरोप हो, वहाँ ------------------------अलंकार होता है। उपयुक्त अलंकार का नाम लिखकर खाली स्थान भरें।

**VIII.निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें। 4x1=4**

(i) 'Judicial' शब्द का हिंदी पर्याय (हिंदी रूप).............होगा ? उपयुक्त हिंदी पर्याय लिखकर खाली स्थान भरें।
(ii) ' Selection Board ' शब्द का (हिंदी रूप) ............................होगा ? उपयुक्त हिंदी पर्याय लिखकर खाली स्थान भरें।
(iii) 'Proposal ' शब्द का हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) 'प्रतिपूर्ति ' होगा? । 'हाँ' अथवा 'नहीं ' ?
(iv) ' Nomination ' शब्द का हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) 'नामांकन' होगा। 'हाँ' अथवा 'नहीं ' ?

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें। 7 x 1 = 7**

(i) 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के लेखक----------------हैं। उपयुक्त उत्तर लिखकर खाली स्थान भरें।

(ii) 'समय नहीं मिला' निबंध में लेखक का मानना है कि जो लोग सचमुच बड़े हैं और बहुत व्यस्त रहते हैं, व्यस्तता के कारण उनका पत्र व्यवहार अव्यवस्थित रहता है। **सही या गलत ?**

(iii) 'तत्सत' कहानी में शिकारी जब दोबारा जंगल में आए तो पशु और वनस्पतियाँ प्रसन्न हो उठीं। **सही या गलत ?**

(iv) 'उपेक्षिता' कहानी में लेखक की पत्नी का नाम क्या है ? एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दें।

(v) 'ठेस' कहानी में लेखक की सास की बातों का बुरा मानकर सिरचन काम छोड़कर चला गया। **सही या गलत ?**

(vi) 'वापसी ' एकांकी के आधार पर बताओ कि अम्बिका की स्त्री का क्या नाम था ? एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दें।

(vii) 'रीढ़ की हड्डी ' एकांकी में शंकर के पिता का नाम रामस्वरूप था। **सही या गलत ?**

प्रश्न-2 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दें: 4 x 3=12

(i) धर्म और कानून में क्या अन्तर है? 'क्या निराश हुआ जाए ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(ii) ब्रिटिश फौज के बाग में प्रवेश का चित्रात्मक वर्णन करो।'अगर ये बोल पाते : जलियाँवाला बाग ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iii) लेखक के मित्रों ने लड़की पैदा होने पर अपने उद्गार कैसे पेश किए? 'उपेक्षिता ' कहानी के आधार पर उत्तर दें ।

(iv) 'मधुआ' कहानी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है?

(v) 'वापसी' एकांकी का प्रमुख पात्र कौन है? स्पष्ट करते हुए उसका चरित्र चित्रण करें।

(vi) 'रीढ़ की हड्डी' किस का प्रतीक है? इसका अपने शब्दों में वर्णन करें।

प्रश्न-3 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों में दें: 1 x 5 = 5

(i) 'शार्टकट सब ओर' निबन्ध का सार अपने शब्दों में लिखो।

(ii) शंकर शारीरिक व चरित्र की दृष्टि से रीढ़ की हड्डी से विहीन है, आपका इसके बारे में क्या विचार है - शंकर का चरित्र-चित्रण लिखें। 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर उत्तर दें ।

**भाग - ग**

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दें: 1x5=5

(i) रीतिकाल की सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन करें।

(ii) रीतिकाल की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का वर्णन करें।

प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दें : 1x5 = 5

(i) छायावाद युग के साहित्य की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का वर्णन करें।

(ii) आधुनिक काल की राजनीतिक परिस्थितियाँ लिखें।

**भाग - घ**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें- 3**

**ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਬਾਣੀ ਦੇ ਤਿੰਨ ਉੱਚੇ ਆਦਰਸ਼-ਨਾਮ ਜਪੋ, ਕਿਰਤ ਕਰੋ ਅਤੇ ਵੰਡ ਕੇ ਛਕੋ, ਪੰਜਾਬੀ ਰਹਿਣ-ਸਹਿਣ ਵਿੱਚ ਡੂੰਘੀਆਂ ਜੜ੍ਹਾਂ ਫੜ ਗਏ।**

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए: 1 x 2 = 2**

(i)**आपका नाम पंडित योगेश्वर नाथ है। आपने सेक्टर-22, चंडीगढ़ में एक योगेश्वर योग साधना केन्द्र खोला है जहाँ आप लोगों को योग सिखाते हैं जिसकी प्रति व्यक्ति, प्रति मास 1000 रु. फीस है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'योग सीखिए' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।**

(ii)**आपका नाम प्रदीप कुमार है। आप सरकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल खिजरांबाद में पंजाबी के अध्यापक हैं। आप स्कूल की पंजाबी साहित्य समिति के सचिव हैं। समिति द्वारा आपके ही स्कूल में भाषण**

**प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो।**

**भाग-ङ**

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए :** 1+2=3

(i) चौपाई (ii) दोहा

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए:** 1+2=3

(i) यमक (ii) उपमा

**भाग -च**

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए।**

**1 + 5 + 1= 7**

(i) भ्रष्टाचार की समस्या (ii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iii) शहीद भगत सिंह (iv) खेलों का महत्व

**प्रश्न 11. सुंदर लिखाई** **5**